अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांकः 14.09.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार, बरेली में आयोजित "जीरो पावर्टी अभियान–उत्तर प्रदेश" एवं अन्य विभागीय योजनाओं/कार्यो तथा जिला स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) योजनान्तर्गत कार्यो की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में दिनांकः 14.09.2026 को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सायं 06.00 बजे से कलेक्ट्रेट सभागार, बरेली में "जीरो पावर्टी अभियान–उत्तर प्रदेश" एवं अन्य विभागीय योजनाओं/कार्यो तथा जिला स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) योजनान्तर्गत कार्यो की समीक्षा बैठक निम्नलिखित अधिकारीगणों/सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुई, जिसमें अधोहस्ताक्षरी द्वारा योजनान्तर्गत कराये गये कार्यो की अब तक हुई प्रगति एवं योजनाओं/कार्यक्रमों को आगे के लिए प्रभावी रूप से कियान्वित किये जाने सम्बन्धी बिन्दुओं पर विस्तृत चर्चा/समीक्षा की गईः–

1.	जिलाधिकारी, बरेली।	अध्यक्ष
2.	मुख्य विकास अधिकारी, बरेली।	उपाध्यक्ष
3.	जिला पंचायत राज अधिकारी, बरेली।	सदस्य/सचिव
4.	मुख्य चिकित्सा अधिकारी, बरेली।	सदस्य
5.	कोषाधिकारी, बरेली।	सदस्य
6.	परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, बरेली।	सदस्य
7.	उपायुक्त (स्वतः रोजगार), बरेली।	सदस्य
8.	जिला पूर्ति अधिकारी, बरेली।	सदस्य
9.	जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, बरेली।	सदस्य
10.	जिला सूचना विज्ञान अधिकारी(एन0आई0सी0)बरेली।	सदस्य
11.	जिला कार्यक्रम अधिकारी(आई0सी0डी0एस0), बरेली।	सदस्य
12.	जिला सूचना अधिकारी, बरेली।	सदस्य
13.	सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), बरेली।	सदस्य
14.	ब्लाक प्रमुख, विकास खण्ड बिथरी चैनपुर।	सदस्य
15.	ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत– बंजरिया जागीर(भोजीपुरा), भरतौल(बिथरी चैनपुर) एवं सिरसा बिछुरैया (आलमपुर जाफराबाद) जनपद बरेली।	सदस्य
16.	उपजिलाधिकारी बहेडी, बरेली।	
17.	तहसीलदार मीरगंज, बहेडी, नवाबगंज, जनपद बरेली।	
18.	नायब तहसीलदार, फरीदपुर व सदर बरेली।	
19.	अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण), बरेली।	
20.	जिला विद्यालय निरीक्षक, बरेली।	
21.	उपायुक्त, उद्योग, बरेली।	
22.	सहायक श्रमायुक्त, बरेली।	
23.	क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी, बरेली।	
24.	जिला कृषि अधिकारी, बरेली।	
25.	प्रतिनिधि जिला प्रोबेशन अधिकारी, बरेली।	
26.	प्रधानाचार्य, आई0टी0आई0/जिला समन्वयक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, बरेली।	
27.	अवर अभियन्ता, जिला पंचायत, बरेली।	
28.	समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद बरेली।	
29.	पंचायत निरीक्षक (उद्योग), बरेली।	
30.	समस्त सहायक विकास अधिकारी(पं0), जनपद बरेली।	
31.	प्रधान/सचिव एवं कन्सल्टिंग इंजीनियर तथा सम्बन्धित फर्म, ग्राम पंचायत मुडिया हाफिज, खजुआ जागीर एवं बिल्वा विकास खण्ड भोजीपुरा (परफॉरमेंस ग्रान्ट से सम्बन्धित)।	
32.	प्रधान/सचिव एवं कन्सल्टिंग इंजीनियर तथा सम्बन्धित फर्म, ग्राम पंचायत कमठेना, विकास खण्ड रामनगर (पंचायत उत्सव भवन निर्माण से सम्बन्धित)।	
33.	समस्त जिला कन्सल्टेंट, स्व0भा0मि0(ग्रा0)जनपद बरेली।	
34.	समस्त खण्ड प्रेरक, स्व0भा0मि0(ग्रा0) जनपद बरेली।	

एजेंडा / बिन्दुवार कार्यवृत्त निम्नानुसार है–

बिन्दु संख्याः 01– "जीरो पावर्टी अभियान–उत्तर प्रदेश"

S. No	Scheme	Dep.	ZP सर्वे: चयनित परिवारों की संख्या	विभाग द्वारा सत्यापित परिवार			Achievement/ प्रगति (पात्र परिवारों के सापेक्ष)		विभाग द्वारा लंबित/Pendency	
				पूर्व से आच्छादित परिवार	अभाव परिवार	पात्र परिवार (Target)	In process (प्रक्रियाधीन)	Achieved (नए आच्छादित)	Pending for service delivery/ DBT	Pending for verification
1	2	3	4 (5+6+7+11)	5	6	7	8	9	10 (7-9)	11
Phase 1										
1	PM/CM आवास योजना	RD	22,738	2064	7056	13618	10,436 (77%)	299(2%)	13,319	0
2	राशन कार्ड	FCS	5,327	387	5	4935	19(0%)	4,899(99%)	36	0
3	PM/CM जन आरोग्य योजना	Health / SACHIS	16,468	-	0	11154	0(0%)	4,636(42%)	6518	5314
4	PM किसान सम्मान निधि	Agricultu re	3,370	214	3,010	146	14(10%)	32(22%)	114	0
5	दिव्यांगजन पेंशन	DEPwD	361	74	126	161	0(0%)	161(100%)	26	0
6	विधवा पेंशन	DWCD	2,196	103	1984	109	0(0%)	109(100%)	31	0
7	वृद्धावस्था पेंशन	Soc. Welfare	3,634	587	1,896	1,151	248(22%)	900(78%)	251	0
8	BOCW श्रम कार्ड	Labour	21,078	92	6675	14311	12(0%)	14275 (100%)	36	0
Phase 2										
9	शौचालय सहायता योजना	PRD	15,774	14486	0	1,288	0(0%)	1288(100%)	0	0
10	SHG Enrollment	RD	15,416	3816	311	11289	0(0%)	11289(100%)	0	0
11	बेसिक शिक्षा (out of school children 6 to 14 yrs.)	Basic Edu.	8324	3990	3956	378	0(0%)	378(100%)	0	0
12	हर घर नल से जल योजना	Jal Nigam Rural	10,934	3144	4	7776	0(0%)	1613(21%)	6163	0
13	एमकेएसवाई	DWCD	267	3	251	8	0	8(100%)	0	5
14	बाल सेवा योजना	DWCD	948	15	886	46	42(91%)	4(9%)	42	0
15	उज्ज्वला योजना	FCS	18,279	487	181	119	0(0%)	0(0%)	119	17492
16	विद्युत संयोजन	UPPCL	16,540	-	0	0	0	0	0	16,540

S. No	Scheme	Dep.	ZP सर्वे: चयनित परिवारों के 14 to 35 वर्ष के युवा की संख्या	विभाग द्वारा सत्यापित 14 to 35 वर्ष के युवा				प्रशिक्षण प्रदाता के द्वारा युवाओं का प्रशिक्षण हेतु नामांकन			विभाग द्वारा लंबित/Pendency	
				पूर्व से प्रशिक्षित	वर्तमान में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे	अयोग्य युवा	पात्र युवा (Target)	Enrolm ent	Certifie d	Placed	Placem ent लंबित	Pending for verificati on
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
1	Skilling and Employability of Youth 14 to 35 yrs.	UPVESD	41394	730	3	33291	7370	498	706	56	0	0

अधोहस्ताक्षरी द्वारा जीरो पावर्टी अभियान के अन्तर्गत अब तक प्राप्त प्रगति का विवरण, जो पोर्टल पर अपडेट है, के सापेक्ष निम्नवत् विभागवार समीक्षा की गयी–

1–PM/CM आवास योजनाः–परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कुल चिन्हित परिवार 22738 के सापेक्ष शतप्रतिशत सत्यापन पूर्ण करा लिया गया है जिसमें 13618 परिवार सत्यापन उपरान्त आवास हेतु पात्र पाये गये हैं, जिसके सापेक्ष पात्र परिवारों में से मात्र 299 परिवार अभी तक आच्छादित हो चुके हैं। वर्तमान में मुख्यमंत्री आवास का लक्ष्य प्राप्त हो चुका है, जिसके सापेक्ष धनराशि अन्तरण की कार्यवाही की जा रही है तथा जो लाभार्थी पात्र हैं उनका विवरण भी पोर्टल पर निरन्तर अपलोड किया जा रहा है। साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि अभी प्रधानमंत्री आवास का लक्ष्य प्राप्त नही हुआ है, जिसके कारण पात्र परिवारों को लाभान्वित किये जाने की कार्यवाही नही की जा सकी है, जैसे

ही नवीन लक्ष्य प्राप्त होगा वैसे ही नियमानुसार पात्र परिवारों को योजना से आच्छादित किया जायेगा। सत्यापित 2943 पात्र परिवारों का पुनः पात्रता/अपात्रता का सत्यापन कराया जा रहा है। सत्यापनोपरान्त योजना से आच्छादित कराया जायेगा। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि जीरो पावर्टी के तहत चिन्हित परिवारों को लाभान्वित कराये जाने हेतु शासन द्वारा योजना से जोड़ने का कार्य प्रस्तावित है।

परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण को निर्देश दिये गये कि सत्यापित 2943 पात्र परिवार जिनका आवेदन पोर्टल पर लम्बित है उनका सर्वे शीघ्रताशीघ्र विकास खण्डों से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें तथा सभी पात्र परिवारों को योजना से आच्छादित करें।

2–राशन कार्डः– जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कुल चिन्हित परिवार 5327 के सापेक्ष 4935 परिवार सत्यापन उपरान्त पात्र पाये गये। पात्र पाये गये परिवारों के सापेक्ष 4899 परिवारों को योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। शेष 36 परिवारों में 01 मृतक है, 07 द्वारा अन्त्योदय कार्ड की मांग की जा रही है तथा 27 परिवार बाहर निवास कर रहे हैं।

जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिये गये कि 07 एवं 27 परिवार जो योजना से आच्छादित हेतु अवशेष रह गये हैं, उन्हें भी अभियान चलाकर आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व योजना से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें।

3–PM/CM जन आरोग्य योजनाः– उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कुल चिन्हित परिवार 16468 के सापेक्ष 11154 परिवार सत्यापन उपरान्त पात्र पाये गये। पात्र पाये गये परिवारों के सापेक्ष पोर्टल के अनुसार 4636 परिवारों को योजना से लाभान्वित किया जा चुका है। पोर्टल के अनुसार 6518 परिवार योजना से आच्छादित होने हेतु अवशेष हैं तथा पोर्टल पर सत्यापन हेतु 5314 परिवार अवशेष हैं।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि वह अवशेष सत्यापन कार्य अभियान चलाकर प्रत्येक दशा में अगली समीक्षा बैठक से पूर्व कराना सुनिश्चित करें तथा अवशेष परिवारों को योजना से आच्छादित किये जाने की कार्यवाही अविलम्ब पूर्ण करें। सांचीज को अधूरा सत्यापन पूर्ण करने एवं प्रगति बढाने के सम्बन्ध में सक्षम स्तर से पत्राचार कराये जाने के भी निर्देश दिये गये।

4–PM किसान सम्मान निधिः– जिला कृषि अधिकारी द्वारा प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कुल चिन्हित परिवारों 3370 के सापेक्ष सत्यापन उपरान्त 3010 परिवार अपात्र पाये गये व 146 परिवार पात्र पाये गये तथा 214 परिवारों को योजना का लाभ पूर्व से प्राप्त हो चुका है। पात्र पाये गये 146 परिवारों के सापेक्ष 32 परिवारों को लाभ दिया जा चुका है, 15 परिवारों का पंजीकरण करा दिया गया है परन्तु धनराशि प्राप्त नही हुयी है। 63 परिवारों की फार्मर रजिस्ट्री करा चुके हैं, 17 परिवारों के पंजीकरण की कार्यवाही की जा रही है। 25 परिवारों को शीघ्र ही योजना से लाभान्वित करा देगें। 08 परिवारों का कार्य तहसील स्तर पर लम्बित है एवं 04 परिवार बरासत के है, 01 परिवार चकबन्दी के तहत है, 08 परिवारों की खतौनी मिसमैच है।

उप निदेशक (कृषि) को निर्देश दिये गये कि वह समन्वय स्थापित कर तहसीलों से 10 दिवस में तहसील स्तर का कार्य पूर्ण कराये एवं प्रत्येक सप्ताह कार्य की प्रोग्रेस से अवगत करायें। इस माह के अन्त तक प्रत्येक दशा में 60 प्रतिशत तक प्रगति प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

5– दिव्यांगजन पैंशनः– जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि लक्ष्य पूर्ण हो चुका है, जिसका प्रदर्शन पोर्टल पर भी हो रहा है।

6– विधवा पैंशन :– जिला प्रोबेशन अधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि लक्ष्य पूर्ण हो चुका है, जिसका प्रदर्शन पोर्टल पर भी हो रहा है।

7– वृद्धावस्था पैंशन :– जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि अवशेष 251 परिवारों के सापेक्ष 250 परिवारों को लाभान्वित किया जा चुका है परन्तु प्रगति पोर्टल पर प्रदर्शित नही हो रही है। शेष 01 परिवारों को एक सप्ताह में योजना से लाभान्वित करा दिया जायेगा।

जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये गये कि जो परिवार योजना से आच्छादित होने हेतु अवशेष रह गये हैं, उन्हें भी आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व अभियान चलाकर योजना से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें तथा विभागीय स्तर पर वार्ता कर प्रगति को पोर्टल पर अपडेट करायें।

8–BOCW श्रम कार्डः– सहायक श्रमायुक्त द्वारा अवगत कराया गया कि सत्यापन कार्य शतप्रतिशत पूर्ण हो चुका है। 14275 परिवारों को योजना से आच्छादित किया जा चुका है तथा शेष 36 परिवारों को लाभान्वित किया जाना प्रकियाधीन है।

निर्देश दिये गये कि अवशेष 36 परिवारों को विकास खण्डवार रोस्टर बनाकर अभियान चलाकर योजना से लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें।

09–शौचालय सहायता योजनाः– जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि लक्ष्य पूर्ण हो चुका है।

10–SHG Enrollment:– उपायुक्त स्वतः रोजगार द्वारा अवगत कराया गया कि विभाग का लक्ष्य पूर्ण हो चुका है।

11–बेसिक शिक्षा (out of school children 6 to 14 yrs.):– बेसिक शिक्षा विभाग का लक्ष्य पूर्ण हो चुका है।

12–हर घर नल से जल योजना:– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) के प्रतिनिधि द्वारा प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कुल चिन्हित परिवार 10934 के सापेक्ष शतप्रतिशत सत्यापन कार्य पूर्ण कर लिया गया है, जिसमें 7776 परिवार पात्र पाये गये हैं व 3144 परिवारों को पूर्व से योजना का लाभ मिल चुका है तथा 14 परिवार अपात्र पाये गये है। 1613 परिवारों को योजना से आच्छादित करा दिया गया है तथा शेष पात्र 6163 परिवारों को कनेक्शन दिये जाने/आच्छादित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

निर्देश दिये गये कि इस माह 25 प्रतिशत अवशेष परिवारों को कनेक्शन देते हुए योजना से लाभान्वित किया जाना सुनिश्चित करें तथा आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व अवशेष परिवारों के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति प्राप्त किया जाना सुनिश्चित करें, अन्यथा आपका आगामी माह का वेतन वाधित कर दिया जायेगा।

13–एमकेएसवाई:– जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विभाग का लक्ष्य पूर्ण हो चुका है।

14–बाल सेवा योजना:– जिला प्रोबेशन अधिकारी के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि कुल चिन्हित 948 परिवारों के सापेक्ष शतप्रतिशत परिवारों का सत्यापन करा लिया गया है, जिसमें 46 परिवार पात्र पाये गये हैं, 886 परिवार अपात्र हैं तथा 16 परिवारों को योजना का लाभ पूर्व से दिया जा चुका है। पात्र पाये गये 46 परिवारों मे से 4 परिवार को लाभ दिया गया है तथा 42 परिवार प्रकियाधीन है, जो विकास खण्ड स्तर पर लम्बित हैं, जिन्हे 10 दिन में पूर्ण करा लेंगे।

जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये गये कि विकास खण्डवार सूची उपलब्ध करायें तथा अभियान चलाकर योजना से अवशेष परिवारों को आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व व्यक्तिगत रूचि लेते हुए लाभान्वित कराना सुनिश्चित करें।

15–उज्ज्वला योजना:– जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि योजना वर्तमान में शासन स्तर से बंद चल रही है।

16–विद्युत संयोजन:– अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण) द्वारा लिखित रूप में प्रगति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि कुल चिन्हित परिवार 16540 के सापेक्ष 15700 परिवारों का सत्यापन करा लिया गया है, जिसमें 2875 परिवार पात्र पाये गये हैं, जिन्हें विद्युत कनेक्शन देना है। अवशेष परिवारों का सत्यापन शीघ्र ही पूर्ण करा लिया जायेगा। लॉगइन आई0डी0 एवं पासवर्ड प्राप्त हो गया है।

अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड (ग्रामीण) को निर्देशित किया जाता है कि पिछली समीक्षा बैठक में दिये गये लक्ष्य के अनुरूप कार्यवाही करते हुए माह सितम्बर, 2026 के अन्त तक सत्यापन का कार्य शतप्रतिशत पूर्ण करायें एवं 50 प्रतिशत प्रगति माह सितम्बर में एवं 50 प्रतिशत की प्रगति माह अक्टूबर, 2026 में पोर्टल पर अभियान चलाकर अपडेट कराना सुनिश्चित करें।

17– Skilling and Employability of Youth 14 to 35 yrs.:– बैठक में उपस्थित प्रधानाचार्य, आई0टी0आई0/जिला समन्वयक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन द्वारा प्रगति के संबंध में अवगत कराया गया कि सर्वे उपरान्त 7370 युवा पात्र पाये गये हैं। जिनमें से 706 को स्किलड किया जा चुका है व 498 का प्रशिक्षण हेतु नामांकन किया जा चुका है। साथ ही अवगत कराया गया कि पात्र युवाओं को आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु व्यवस्था की गयी है, किन्तु इन युवाओं द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त करने में रूचि नही ली जा रही है, जिसके कारण प्रगति अपेक्षित प्रगति प्राप्त नही हो पा रही है।

प्रधानाचार्य, आई0टी0आई0/जिला समन्वयक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन को निर्देशित किया गया कि वह व्यक्तिगत रूचि लेते हुए प्राप्त लक्ष्य के सापेक्ष खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक प्रचार–प्रसार कराकर पात्र युवाओं को प्रशिक्षण प्राप्त कराना सुनिश्चित करें।

जीरो पावर्टी अभियान से सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी/विभागीय नोडल अधिकारी को निर्देशित किया जाता है कि **सभी अधिकारीगण अगली समीक्षा बैठक में अपने अपने विभाग की भौतिक प्रगति की सूची एवं योजनान्तर्गत राज्य स्तर पर रैंक सम्बन्धी रिपोर्ट भी लाना सुनिश्चित करेंगे तथा जिला पंचायत राज अधिकारी विभागों से प्राप्त भौतिक प्रगति की सूची पोर्टल की सूचना के साथ संकलित कर योजनावार प्रस्तुत करेंगे।**

–:जिला स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) समिति की बैठक:–

बिन्दु संख्या: 02– स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 के अन्तर्गत फीकल स्लज मैनेजमेन्ट इकाई (FSTP) की स्थापना/मॉडल ग्राम

- क्षमता 6–10 KLD FSTP
- प्रति इकाई एक एकड़ भूमि की आवश्यकता, जल भराव रहित समतल एवं ठोस भूमि।
- ऐसे स्थल/भूमि का चयन जहां से अधिक से अधिक विकास खण्ड आच्छादित हो सकें।
- नगरीय या ग्रामीण आबादी से न्यूनतम 250–500 मीटर की दूरी एवं रिहायशी क्षेत्र से दूर।
- पहुँच मार्ग सुगम हो तथा स्थल तक टैंकर्स के आवागमन के लिए उपयुक्त सड़क मार्ग हो।
- निकटवर्तीय संसाधनों जैसे– बिजली पानी आदि की उपलब्धता।

योजना का मुख्य उददेश्य

FSTP (Faecal Sludge Treatment Plant) का मुख्य उददेश्य ग्रामीण क्षेत्र में सैप्टिक टैंक और गडढों से निकलने वाले मानव अपशिष्ट(मल–कीचड़) का वैज्ञानिक और पर्यावरण अनुकूल तरीके से उपचार और प्रबन्धन करना है ताकि प्रदूषण को रोका जा सके, बीमारियों को फैलने से रोका जा सके और उपचारित पानी को पुनः उपयोग में लाया जा सके।

1– वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत इकाई–02

2– ग्राम पंचायत कचूरडांडी विकास खण्ड मझगवां एवं ग्राम पंचायत डगरौली विकास खण्ड फरीदपुर के FSTP प्रस्ताव शासन को प्रेषित किये जा चुके है।

3– वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्वीकृत इकाई–02

4– जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि मुख्य विकास अधिकारी महोदया की अध्यक्षता में दिनांक: 21.08.2026 को आयोजित बैठक में (तहसील आंवला तथा फरीदपुर को छोड़कर) सम्बन्धित तहसीलदारों को निर्देशित किया गया है कि अतिशीघ्र फीकल स्लज मैनेजमेन्ट इकाई FSTP यूनिट की स्थापना हेतु भूमि का चिन्हांकन कराकर स्थल की सूचना खसरा, खतौनी, नजरी नक्शा एवं भूमि प्रबन्धन समिति के प्रस्ताव सहित जिला पंचायत राज अधिकारी, बरेली कार्यालय को अतिशीघ्र उपलब्ध कराये जाये। इसके सम्बन्ध में पूर्व में जिलाधिकारी महोदय, बरेली के पत्र संख्या: 1821–सी0/दिनांक: 25 जून, 2026 द्वारा भी भूमि चिन्हांकन कराकर स्थल की सूचना खसरा, खतौनी, नजरी नक्शा एवं भूमि प्रबन्धन समिति के प्रस्ताव उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। विभिन्न निर्देश दिये जाने के बाद भी अभी तक तहसील सदर, बहेडी, मीरगंज तथा नवाबगंज से प्रस्ताव प्राप्त नहीं करायें गये हैं।

निर्णय–जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा समिति के समक्ष इस कार्य के संबंध में प्रस्तुत की गयी अब तक की प्रगति से समिति संज्ञानित हुई एवं अधोहस्ताक्षरी द्वारा बैठक में उपस्थित तहसीलदारगणों को निर्देश दिये गये कि एक सप्ताह में मिशन निदेशक, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) उ0प्र0 के पत्र दिनांक 18 जून, 2025 के आलोक में मानकानुसार यथावश्यक कार्यवाही करते हुए पर्याप्त एवं निर्विवादित भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराकर उसकी प्रति जिला पंचायत राज अधिकारी, बरेली को प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित करें।

बिन्दु संख्या: 03– सामुदायिक शौचालय की क्रियाशीलता एवं केयरटेकर का भुगतान

जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शासनादेश संख्या: 1758/दिनांक: 15.07.2020 के माध्यम से विस्तृत निर्देश निर्गत करते हुए प्रत्येक सामुदायिक शौचालय को संचालन के लिये स्वयं सहायता समूहों को ग्राम पंचायतों द्वारा हस्तांतरित किया गया है। स्वयं सहायता समूहों को सामुदायिक शौचालय की क्रियाशीलता एवं केयरटेकर के भुगतान के लिये उत्तरदायी बनाया गया है। ग्राम पंचायतों द्वारा अनुबन्धित स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से केयरटेकर को मानदेय के रूप में रू0 6,000/– प्रतिमाह तथा मरम्मत, साफ–सफाई, आवश्यक सामग्री, यूटिलिटी चार्जेज व अन्य के रूप में रू0 3,000/– इस प्रकार कुल रू0 9,000/– का भुगतान वित्त आयोग से किये जाने की व्यवस्था है। रू0 3,000/– आगामी माह मे तभी देय होंगे, जब स्वयं सहायता समूहों द्वारा इसका व्यय कर उपयोगिता प्रमाण–पत्र ग्राम पंचायत को दे दिया गया हो। इस व्यवस्था के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये उपायुक्त, स्वतः रोजगार को उत्तरदायी बनाया गया है।

- स्वयं सहायता समूह के गठन, संचालन एवं अनुश्रवण आदि का दायित्व ग्रामीण आजीविका मिशन के विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा।
- स्वयं सहायता समूह द्वारा भुगतान प्राप्त होने के 01 सप्ताह के अन्दर नियमानुसार सम्बन्धित केयरटेकर के खाते में उनका मानदेय हस्तांतरित कर दिया जाये।

- जनपद स्तर पर सामुदायिक शौचालय के नियमित रूप से खुलवाने, उसकी साफ–सफाई एवं रख–रखाव की व्यवस्था, केयरटेकर्स की उपस्थिति एवं केयरटेकर्स के मानदेय ससमय भुगतान की समीक्षा जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वच्छता समिति की बैठकों में किये जाने के निर्देश है।
- डी0सी0 (एन.आर.एल.एम.), जिन ग्राम पंचायतों में स्वयं सहायता समूह द्वारा सामुदायिक शौचालय के समय से खुलवाने, साफ–सफाई एवं रख–रखाव में कमी पाये जाने पर आवश्यकतानुसार उसी स्वयं सहायता समूह के अन्य केयरटेकर का या किसी अन्य स्वयं सहायता समूह का चयन किये जाने के लिये उत्तरदायी बनाये गये है।
- समूह से केयरटेकर को भुगतान न होने की दशा में इसका पूर्ण दायित्व, उपायुक्त(एन.आर.एल.एम.) का होगा एवं उन दोनों परिस्थितियों में विलम्ब होने पर जनपद स्तर पर जनपद स्तरीय अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

सामुदायिक शौचालय कियाशीलता एवं केयरटेकर को भुगतान की स्थिति

- कुल निर्मित – 1188
- संचालन हेतु स्वयं सहायता समूह को हस्तांतरित – 1188
- संचालन हेतु माह जुलाई तक का स्वयं सहायता समूहों को भुगतान– 1185
- संचालन हेतु माह अगस्त तक का केयरटेकर को भुगतान – 1179

क्र0सं0	विकास खण्ड का नाम	कुल ग्राम पंचायतों की संख्या	स्वयं सहायता समूह को हैण्डओवर किये गये सामुदायिक शौचालयों की संख्या	ऐसे सामुदायिक शौचालयों की संख्या, जिनमें पिछले दो माह से अधिक एस0एच0जी0 को भुगतान कर दिया गया है।		ऐसे सामुदायिक शौचालयों की संख्या, जिनमें पिछले दो माह से अधिक एस0एच0जी0 का भुगतान नहीं किया गया है।	
				जुलाई	अगस्त	जुलाई	अगस्त
1	2	3	4	5	6	7	8
1	ALAMPUR JAFARABAD	92	92	92	92	0	0
2	BAHERI	108	108	108	108	0	0
3	BHADPURA	79	79	78	78	1	1
4	BHOJIPURA	77	77	77	77	0	0
5	BHUTA	92	92	92	91	0	1
6	BITHIRI CHAINPUR	74	74	74	73	0	1
7	DAMKHAUDA	73	73	73	73	0	0
8	FARIDPUR	78	78	78	77	0	1
9	FATEHGANJ WEST	67	67	67	66	0	1
10	KYARA	44	44	44	43	0	1
11	MAJHGAWAN	84	84	83	83	1	1
12	MIRGANJ	67	67	67	67	0	0
13	NAWABGANJ	105	105	104	104	1	1
14	RAMNAGAR	59	59	59	59	0	0
15	SHERGARH	89	89	89	88	0	1
	कुल योग:–	1188	1188	1185	1179	3	9

निर्णय–जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा समिति के समक्ष सामुदायिक शौचालय की क्रियाशीलता एवं केयरटेकर के भुगतान के संबंध में प्रस्तुत की गयी अब तक की प्रगति से समिति संज्ञानित हुई एवं अवगत कराया गया कि सामुदायिक शौचालय की क्रियाशीलता एव केयरटेकरों के भुगतान के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश दिनांकः 10.09.2025 के आलोक मे स्वयं सहायता समूह के गठन, संचालन एवं अनुश्रवण आदि का दायित्व ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत विकास खण्ड स्तर पर खण्ड विकास अधिकारी द्वारा किया जायेगा तथा डी0सी0 (एन.आर.एल.एम.), जिन ग्राम पंचायतों में स्वयं सहायता समूह द्वारा सामुदायिक शौचालय के समय से खुलवाने, साफ–सफाई एवं रख–रखाव में कमी पाये जाने पर आवश्यकतानुसार उसी स्वयं सहायता समूह के अन्य केयरटेकर का या किसी अन्य स्वयं सहायता समूह का चयन किये जाने के लिये उत्तरदायी बनाये गये है। निर्देश दिये गये कि सामुदायिक शौचालय की क्रियाशीलता एव केयरटेकरों के भुगतान के सम्बन्ध में निर्गत शासनादेश दिनांकः 10.09.2025 के आलोक मे खण्ड विकास अधिकारी, डी0सी0 (एन.आर.एल.एम.) एवं जिला पंचायत राज अधिकारी नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायेंगे।

बिन्दु संख्याः 04– स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 योजनान्तर्गत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण

क0सं0	विकास खण्ड	वर्ष 2026–27 का लक्ष्य	पूर्ति	अवशेष	प्रगति प्रतिशत
1	2	3	4	5	6=(4*100/3)
1	NAWABGANJ	805	325	480	40.37
2	FARIDPUR	599	242	357	40.40
3	BHOJIPURA	591	245	346	41.46
4	BITHIRI CHAINPUR	567	240	327	42.33
5	SHERGARH	482	206	276	42.74
6	BHADPURA	606	260	346	42.90
7	RAMNAGAR	452	196	256	43.36
8	FATEHGANJ WEST	514	224	290	43.58
9	KYARA	337	158	179	46.88
10	MIRGANJ	514	242	272	47.08
11	MAJHGAWAN	529	262	267	49.53
12	BHUTA	706	319	387	45.18
13	BAHERI	829	450	379	54.28
14	AALAMPUR JAFARABAD	706	390	316	55.24
15	DAMKHAUDA	881	504	377	57.21
	Total:-	9118	4263	4855	46.75

निर्णय–जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा समिति के समक्ष व्यक्तिगत शौचालय निर्माण एवं लाभार्थियों को एस0एन0ए0 स्पर्श के माध्यम से भुगतान के संबंध में प्रस्तुत की गयी अब तक की प्रगति से समिति संज्ञानित हुई एवं निर्देश दिये गये कि विकास खण्ड नवाबगंज, फरीदपुर, भोजीपुरा, बिथरी चैनपुर, शेरगढ़, भदपुरा, रामनगर एवं फतेहगंज पश्चिमी की औसत प्रगति जनपद की औसत प्रगति 46.75 प्रतिशत से कम है। ऐसे विकास खण्डों को एक सप्ताह के अन्दर शत–प्रतिशत व्यय प्रगति को प्राप्त किये जाने के निर्देश दिये गयें है।

वित्तीय वर्ष 2026–27 में ग्राम पंचायतों द्वारा एस0एल0डब्ल्यू0एम0 सम्बन्धी कराये गये कार्यो का एस0एन0ए0 स्पर्श 2.0 के माध्यम से भुगतान

क्र0 सं0	विकास खण्ड का नाम	कुल ग्राम पंचायतों की संख्या	कुल अनुदानवार आंवटित लिमिट 2026–27	आंवटित लिमिट 2026–27 के सापेक्ष व्यय की कुल धनराशि	प्रगति प्रतिशत
1	2	3	4	5	6=(5*100/4)
1	BITHRI CHAINPUR	33	33599003	1495106	4.45
2	BHOJIPURA	34	9454442	468351	4.95
3	MAJHGAWAN	45	8572591	500000	5.83
4	KYARA	18	12250733	1034003	8.44
5	BHUTA	43	5208774	522429	10.03
6	FARIDPUR	35	10417379	1317137	12.64
7	MIRGANJ	49	6256047	870776	13.92
8	SHERGARH	20	4705712	748511	15.91
9	AALAMPUR JAF.	50	9911690	2077178	20.96
10	RAMNAGAR	41	7950450	1677491	21.10
11	NAWABGANJ	19	6219397	1562196	25.12
12	DAMKHAUDA	11	3201437	868402	27.13
13	BHADPURA	19	3307446	1217518	36.81
14	BAHERI	55	11450648	4702464	41.07
15	FATEHGANJ WEST	16	2435161	1815381	74.55
	Total:-	**488**	**134940910**	**20876943**	**15.47**

जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड बिथरी चैनपुर, भोजीपुरा, मझगवां, क्यारा, भुता, फरीदपुर एवं मीरगंज की औसत प्रगति जनपद की औसत प्रगति 15.47 प्रतिशत से कम है। इसके अतिरिक्त जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि स्वच्छ भारत मिशन(ग्रामीण) फेज–2 कार्यक्रम का CAG में इम्पैनल्ड चार्टेड एकाउन्टेन्ट फर्म मैसर्स जी0एस0 वर्मा, शाहजहांपुर के माध्यम से वित्तीय वर्ष 2025–26 एवं आगामी वित्तीय वर्षो की ऑडिट रिपोर्ट व अभिलेख तैयार कराये जाने व ऑडिट फीस का प्राप्त बिल के सापेक्ष भुगतान किये जाने पर समिति विचार कर अनुमोदन प्रदान करना चाहें।

निर्णय– जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत प्रस्ताव से समिति संज्ञानित हुयी तथा जिला पंचायत राज अधिकारी एवं समस्त सहायक विकास अधिकारी (पं0) को निर्देशित किया गया कि समस्त विकास खण्डों में प्रगति का प्रतिशत प्रत्येक दशा में अधिक से अधिक करायें। आगामी समीक्षा बैठक में विकास खण्डों से उक्त योजनान्तर्गत सबसे कम प्रगति वाले 05–05 सचिव अधोहस्ताक्षरी के समक्ष स्पष्ट कारण सहित उपस्थित होंगे। समिति द्वारा कराये गये कार्य के सापेक्ष फर्म मैसर्स जी0एस0 वर्मा, शाहजहांपुर को उनके द्वारा प्रस्तुत बिल के अनुसार नियमानुसार भुगतान किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

बिन्दु संख्याः 05– प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट (Waste To Wealth)

जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा समिति को संज्ञानित कराया गया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) फेज–2 योजनान्तर्गत ग्राम पंचायत भगौरा विकास खण्ड आलमपुर जाफराबाद में वर्ष 2022–23 में रू0 16.00 (लाख रू0) की लागत से 01 प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट (PMU) का निर्माण किया गया है, जिसमें सिंगल यूज प्लास्टिक को कम्प्रेस कर बाहर बेचा जाता है। सिंगल यूज प्लास्टिक को विकास खण्डों की ग्राम पंचायतों से एकत्र कर प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट में विकास खण्ड आलमपुर जाफराबाद में भेजा जाता है। प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट ने इस अभियान से पूर्व ग्राम पंचायतों से प्राप्त सिंगल यूज प्लास्टिक का निस्तारण कर ओ0एस0आर0 के रूप में अब तक रू0 3,05,059/–मात्र की आय सृजित कर चुकी है।

वित्तीय वर्ष 2025–26 में जनपद स्तर से जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन उपरान्त प्रेषित प्रस्ताव के आधार पर मिशन निदेशक महोदय के पत्र दिनांकः 05.10.2025 द्वारा 04 प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट (विकास खण्ड दमखोदा की ग्राम पंचायत भुड़वा, विकास खण्ड नवाबगंज की ग्राम पंचायत ग्रेम, विकास खण्ड मीरगंज की ग्राम पंचायत धनेटा एवं विकास खण्ड क्यारा की ग्राम पंचायत मानपुर चिकिटिया) निर्माण हेतु प्रथम चरण में अनुमन्य धनराशि रू0 16.00 लाख का 25 प्रतिशत धनराशि अर्थात रू0 4.00 लाख प्रति यूनिट प्राप्त हुई है, जो जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन दिनांकः 13.10.2025 के उपरान्त चयनित ग्राम पंचायतों को हस्तांतरित कर दी गयी। चारों प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है तथा ग्राम पंचायत धनेटा विकास खण्ड मीरगंज में मशीनों को स्थापित किया जा चुका है, तथा शेष ग्राम पंचायतों में मशीनों को स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। ग्राम पंचायत अनुमन्य धनराशि रू0 16.00 लाख में से रू0 6.25 लाख से शेड निर्माण कार्य एवं रू0 9.75 लाख से अपशिष्ट के रिसाईकिल/रियूज हेतु मशीनरी जैसे– श्रेंडिंग, बेलिंग, डस्ट रिमूवर, वेयिंग मशीन आदि पर निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यय करेंगी।

निर्णय–जिला पंचायत राज अधिकारी द्वारा समिति के समक्ष प्लास्टिक मैनेजमेन्ट यूनिट (PMU) के निर्माण एवं संबंधित ग्राम पंचायतों को एस0एन0ए0 स्पर्श के माध्यम से भुगतान के संबंध में प्रस्तुत की गयी अब तक की प्रगति से समिति संज्ञानित हुई एवं निर्देश दिये गये कि सभी सम्बन्धित समय–समय पर निर्गत शासनादेशों/आदेशों के अनुरूप नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही समयान्तर्गत सुनिश्चित करें।

बिन्दु संख्याः 06–

तालाब/अन्य स्रोतों के पट्टों/नीलामी से गॉव निधि में प्राप्त होने वाली आय–

क्रम संख्या	विकास खंड	विकास खंड स्तर से की गई कार्यवाही
1	AALAMPUR JAFARABAD	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
2	BAHERI	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
3	BHADPURA	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
4	BHOJIPURA	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
5	BHUTA	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
6	BITHIRI CHAINPUR	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
7	DAMKHAUDA	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
8	FARIDPUR	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
9	FATEHGANJ	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
10	KYARA	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
11	MAJHGAWA	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
12	MIRGANJ	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
13	NAWABGANJ	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
14	RAM NAGAR	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है
15	SERGARH	विकास खंड स्तर से समस्त ग्राम पंचायतों की OSR खाता संख्या तहसील को उपलब्ध करा दी गई है

